Regarding National Highway Projects in Gujarat

श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैया **(साबरकांठा) :** धन्यवाद सभापति महोदय । सर्वप्रथम मुझे मेरे मत विस्तार लोक सभा साबरकांठा के कुछ अति महत्वपूर्ण विषय उठाने हेतु अवसर देने के लिए मैं आपका हार्दिक आभार व धन्यवाद करती हूँ । साथ ही, मैं यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और माननीय मंत्री श्री नितिन गडकरी जी को भी धन्यवाद देती हूँ, जिन्होंने साबरकांठा जिले में 14.2 किलोमीटर लंबी इदर-बडोली बाईपास के चौड़ीकरण के लिए 705.09 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है ।

__12.37 hrs__ (Hon. Speaker *in the Chair*)

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का ध्यान गुजरात राज्य में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 848 (के) की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ, जो नडियाद-आनंद के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 48 से प्रारंभ होकर कठलाल, कपड़वंज, बायड, धनसुरा, मोडासा होते हुए शामलाजी से राष्ट्रीय राजमार्ग 48 को जोड़ता है । लगभग 137 किलो मीटर लंबा यह मार्ग यातायात और व्यापार के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है ।

महोदय, भारत सरकार द्वारा इसे दिनांक 27 नवंबर, 2020 को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया जा चुका है, परंतु वर्तमान में यह सड़क राज्य सरकार की Annuity Model के अंतर्गत आती है, जिसकी अवधि जुलाई, 2026 में समाप्त हो रही है । इस मार्ग पर 33,000 से अधिक पीसीयू यातायात का दबाव है, जिससे भारी जाम और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है । मौजूदा 10 मीटर चौड़ाई की वजह से यह यातायात प्रवाह के लिए अपर्याप्त साबित हो रहा है । अरवल्ली जिले के मोडासा, धनसुरा, बायड व डमाई के बीच भारी वाहनों की अधिकता के कारण प्रशासन को सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाना पड़ा है, जिससे व्यापार, औद्योगिक एकमो और ट्रांसपोर्टरों को नुकसान हो रहा है ।

अध्यक्ष महोदय, मैं सिर्फ एक मिनट का समय लूंगी । धनसुरा, बायड एवं डेमई जैसे प्रमुख नगरों में बाईपास सड़क एवं वायाडक्ट डिज़ाइन ओवरब्रिज की जरूरत है ।

अत: मैं माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से विनम्र निवेदन करती हूँ कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 848 (के) को फोर लेन किए जाने की आवश्यकता को देखते हुए इसकी विस्तृत परियोजना तैयार करने के लिए आवश्यक सर्वेक्षण कार्य शीघ्र आरंभ करने पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाए । बायड, धनसुरा एवं डेमई नगरों में यातायात को सुगम बनाने हेतु बाईपास सड़क एवं वायाडक्ट डिज़ाइन ओवरब्रिज की योजना को डीपीआर में सम्मिलित करने की कृपा करें । राज्य सरकार द्वारा इस राजमार्ग के लिए जो वार्षिकी योजना चल रही है, उसके पूर्ण होने से पहले भूमि अधिग्रहण एवं अन्य आवश्यक स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी हो जाए, उस दिशा में आवश्यक कदम उठाने के लिए भी मैं अनुरोध करती हूं, ताकि निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जा सके ।

महोदय, वात्रक नदी पर वात्रक गाँव के समीप स्थित पुल की अत्यंत जर्जर स्थिति को देखते हुए, उसके पुनर्निर्माण एवं चौड़ीकरण पर विशेष ध्यान देने की कृपा करें, जिससे आने-जाने वाले नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके ।

मेरा माननीय मंत्री महोदय से विनम्र आग्रह है कि इस महत्वपूर्ण परियोजना को शीघ्र स्वीकृति प्रदान कर उस क्षेत्र के नागरिकों को सुरक्षित, सुगम एवं आधुनिक यातायात सुविधा उपलब्ध कराई जाए । धन्यवाद ।